Sankalp (DHE)

पत्रांक– RUSA/Others-9/2021/HTESD................................/

झारखण्ड सरकार

# उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग

तृतीय तल योजना भवन, नेपाल हाउस, डोरण्डा, राँची–834002

---

## संकल्प

विषयः– राज्य के विश्वविद्यालयों एवं अंगीभूत महाविद्यालयों में **Digital Language Lab** को क्रियाशील करने हेतु सुयोग्य प्रशिक्षक, **Digital Language Lab** के कुल 26 पदों के सृजन की स्वीकृति प्रदान करने के संबंध में।

केन्द्र प्रायोजित योजना **"राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (RUSA)"** तथा **राज्य योजना** के अन्तर्गत झारखण्ड राज्य के 04 राजकीय विश्वविद्यालय एवं 22 अंगीभूत महाविद्यालयों में कुल 26 Digital Language Lab की स्थापना की गई है। Digital Language Lab की स्थापना का प्रमुख उद्देश्य विद्यार्थियों को अंग्रेजी भाषा के ज्ञान एवं संवाद कुशलता को उन्नत बनाना है। साथ ही विद्यार्थियों को साक्षात्कार एवं रोजगारोन्मुख परिवेश के लिए तैयार करना है। Digital Language Lab के माध्यम से विद्यार्थियों को Audio-Video सामग्रियों की सहायता से मॉडल उच्चारण को सुनने, दोहराने और रिकॉर्ड करने की सूचना प्रौद्योगिकी आधारित व्यवस्था उपलब्ध होती है। उक्त सभी Digital Language Lab में प्रशिक्षकों का पद स्वीकृत नहीं होने के कारण Lab का संचालन नहीं हो पा रहा है। इसके फलस्वरुप Digital Language Lab में 02 वर्ष पूर्व से अधिष्ठापित Computer, Display Board एवं अन्य सामग्रियों का उपयोग नहीं हो पा रहा है। Digital Language Lab में प्रशिक्षकों की अनुपलब्धता के कारणवश इनका उद्देश्य पूर्ण नहीं हो पा रहा है तथा विद्यार्थी इसके लाभ से वंचित हैं।

2. राज्य के विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में स्थापित Digital Language Lab की विवरणी निम्नवत हैः–

| क्र0 सं0 | विश्वविद्यालय का नाम | महाविद्यालय/ विश्वविद्यालय विभाग का नाम जहाँ **Digital Language Lab** की स्थापना की गई है। |
|---|---|---|
| 1. | सिदो–कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय, दुमका | संताल एकेडमी, सिदो–कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय, दुमका |
| 2. | सिदो–कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय, दुमका | कुमार कालीदास मेमोरियल कॉलेज, पाकुड़ |
| 3. | सिदो–कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय, दुमका | संताल परगना महिला कॉलेज, दुमका |
| 4. | सिदो–कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय, दुमका | बी0एस0के0 कॉलेज बड़हरवा, साहेबगंज |
| 5. | सिदो–कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय, दुमका | रमा देवी बाजला महिला महाविद्यालय, देवघर |
| 6. | कोल्हान विश्वविद्यालय, चाईबासा | कोल्हान विश्वविद्यालय, चाईबासा |
| 7. | कोल्हान विश्वविद्यालय, चाईबासा | लाल बहादुर शास्त्री मेमोरियल कॉलेज, जमशेदपुर |
| 8. | कोल्हान विश्वविद्यालय, चाईबासा | घाटशिला कॉलेज, घाटशिला |
| 9. | कोल्हान विश्वविद्यालय, चाईबासा | काशी साहु कॉलेज, सरायकेला |
| 10. | कोल्हान विश्वविद्यालय, चाईबासा | टाटा कॉलेज, चाईबासा |
| 11. | कोल्हान विश्वविद्यालय, चाईबासा | महिला कॉलेज, चाईबासा |
| 12. | कोल्हान विश्वविद्यालय, चाईबासा | ज्ञान चन्द्र जैन कॉमर्स कॉलेज, चाईबासा |
| 13. | कोल्हान विश्वविद्यालय, चाईबासा | जवाहर लाल नेहरु कॉलेज, चक्रधरपुर |
| 14. | नीलाम्बर पीताम्बर विश्वविद्यालय, मेदिनीनगर, पलामू | योधसिंह नामधारी महिला महाविद्यालय, मेदिनीनगर |

| क्र0 सं0 | विश्वविद्यालय का नाम | महाविद्यालय/ विश्वविद्यालय विभाग का नाम जहाँ **Digital Language Lab** की स्थापना की गई है। |
|---|---|---|
| 15. | नीलाम्बर पीताम्बर विश्वविद्यालय, मेदिनीनगर, पलामू | श्री सतगुरु जगजीत सिंह नामधारी कॉलेज, गढ़वा |
| 16. | विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग | स्नातकोत्तर अंग्रेजी विभाग, विनोबा भावे विश्वविद्यालय |
| 17. | विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग | चतरा कॉलेज, चतरा |
| 18. | विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग | आदर्श कॉलेज, राजधनवार, गिरिडीह |
| 19. | विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग | श्री आर0के0 महिला कॉलेज, गिरिडीह |
| 20. | विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग | संत कोलम्बा विश्वविद्यालय, हजारीबाग |
| 21. | विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग | जगन्नाथ जैन कॉलेज, झुमरीतिलैया, कोडरमा |
| 22. | राँची विश्वविद्यालय, राँची | स्नातकोत्तर अंग्रेजी विभाग, राँची विश्वविद्यालय |
| 23. | राँची विश्वविद्यालय, राँची | बलदेव साहु कॉलेज, लोहरदगा |
| 24. | राँची विश्वविद्यालय, राँची | सिमडेगा कॉलेज, सिमडेगा |
| 25. | राँची विश्वविद्यालय, राँची | बी0एन0 जालान कॉलेज, सिसई, गुमला |
| 26. | राँची विश्वविद्यालय, राँची | डोरण्डा कॉलेज, डोरण्डा, राँची |

3. उक्त के आलोक में राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं अंगीभूत महाविद्यालयों में केन्द्र प्रायोजित योजना राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (RUSA) तथा राज्य योजना अन्तर्गत उपलब्ध करायी गयी राशि से स्थापित कुल 26 Digital Language Lab में कुल 26 'प्रशिक्षक, Digital Language Lab' के पदों (प्रत्येक लैब हेतु एक पद) के सृजन की स्वीकृति निम्नवत प्रदान की जाती है:–

| क्र0 सं0 | पदनाम | कुल पदों की संख्या | पद हेतु निर्धारित योग्यता | मासिक मानदेय (रु0) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रशिक्षक, Digital Language Lab | 26 | • M.A. in English with at least 2nd class.<br>• Minimum 6 months Diploma / Certificate in Computer Application.<br>• Minimum work experience of 1 year.<br>• Age Limit- 50 Years | 18,000/- |

4. प्रशिक्षक, Digital Language Lab के पद पर बाह्य स्रोत (Outsourcing) से सेवा प्राप्त की जायेगी।

5. बाह्य स्रोत (Outsourcing) के पद स्वीकृत नहीं समझे जायेंगे, अपितु बाह्य स्रोत से प्राप्त किए जाने हेतु अधिकतम कर्मी की संख्या समझी जायेगी।

6. इन पदों पर होने वाले व्यय का विकलन राज्य सरकार द्वारा निर्धारित बजट शीर्ष से किया जायेगा।

7. कंडिका–3 में वर्णित पद के सृजन एवं तदनुसार बाह्य स्रोत एजेंसी से उक्त प्रशिक्षकों की नियुक्ति हेतु वार्षिक अनुमानित व्यय भार निम्न तालिकानुसार होगा:–

| क्र0 सं0 | पदनाम | कुल पदों की संख्या | प्रति ईकाई मासिक मानदेय (रु0) | प्रशिक्षकों के मानदेय हेतु कुल अनुमानित वार्षिक व्यय |
|---|---|---|---|---|
| A | B | C | D | E=C×D×12 |
| 1. | प्रशिक्षक, Digital Language Lab | 26 | 18,000/- | 56,16,000/- |

8. उक्त प्रस्ताव पर दिनांक–22.11.2023 को आहूत मंत्रिपरिषद् की बैठक में मद संख्या–15 के रुप में स्वीकृति प्राप्त है।

**आदेशः**– आदेश दिया जाता है कि संकल्प की प्रति झारखण्ड राजपत्र के आगामी असाधारण अंक में सर्वसाधारण के सूचनार्थ प्रकाशित की जाए।

झारखण्ड राज्यपाल के आदेश से,
ह0/–
(राहुल कुमार पुरवार)
सरकार के सचिव।

ज्ञापांक– RUSA/Others-9/2021/HTESD-261 राँची, दिनांक– 05/12/2023

**प्रतिलिपिः**–अधीक्षक, राजकीय मुद्रणालय (सरकारी प्रेस), झारखण्ड, डोरण्डा, राँची को राजपत्र के अगले असाधारण अंक में प्रकाशनार्थ प्रेषित।

ह0/–
(राहुल कुमार पुरवार)
सरकार के सचिव।

ज्ञापांक– RUSA/Others-9/2021/HTESD- 261 राँची, दिनांक– 05/12/2023

**प्रतिलिपिः**–महालेखाकार, झारखण्ड, राँची को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

5.12.23
(राहुल कुमार पुरवार)
सरकार के सचिव।